नव भारत
राष्ट्र हित का प्रहरी १९३४ से




6 भारत का दोस्त तालिबान जल भुन गया पाकिस्तान



5 बिहार में इस साल 4 बार दिवाली मनेगी : शाह



8 तन्वी शर्मा ने रचा इतिहास



9 दलहन मिशन बढ़ाएगा किसानों की आय

## एक नजर में

### धनतेरस पूजन का मुहूर्त



**उज्जैन।** ज्योतिषाचार्य पंडित जय शिव ने बताया कि 18 अक्टूबर शनिवार को धन्वंतरी पूजन का शुभ समय दोपहर 1:38 से शाम 4:21 तक तथा शाम 6 से 7:31 तक एवं रात 9 से 12:10 तक रहेगा। धन तेरस को शनि प्रदोष व्रत शुभ योग बना रहा है। इस दिन धन के देवता कुबेर माता लक्ष्मी और आरोग्य के देवता धन्वंतरि की पूजा की जाती है। साथ ही संध्या के समय 13 दीपक और 1 दीपक यम के नाम से कुल 14 दीपक प्रज्वलित करने का शास्त्र में विशेष महत्व बताया गया है।

### बंगाली अभिनेत्री डिजिटल अरेस्ट की शिकार

**मुंबई.** दिल्ली पुलिस की साइबर सेल का अधिकारी बनकर एक घोटालेबाज ने मशहूर बंगाली टीवी अभिनेत्री को डिजीटल अरेस्ट कर कथित रूप से साढ़े छह लाख रुपये की ठगी की है। इस अभिनेत्री ने बंगाली धारावाहिकों के साथ-साथ कुछ हिंदी शो में भी काम किया है और उस घोटालेबाज ने अभिनेत्री को लगभग सात घंटे तक डिजिटली अरेस्ट रखा। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि मुंबई के ओशिवारा पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है तथा संदिग्धों की तलाश जारी है। पुलिस ने कहा कि बॉलीवुड में करियर बनाने के लिए मुंबई में रहने वाली पीड़िता को पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति ने व्हाट्सएप वीडियो कॉल किया।

### एनएचआईडीसीएल के अधिकारी से करोड़ों बरामद

**नई दिल्ली.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को रिश्वतखोरी के एक मामले में गिरफ्तार एनएचआईडीसीएल के एक वरिष्ठ अधिकारी से 2.62 करोड़ रुपये सहित कई करोड़ रुपये की संपत्ति बरामद होने की घोषणा की है। एनएचआईडीसीएल के कार्यकारी निदेशक मैसनम रितेन कुमार सिंह को एक निजी कंपनी के प्रतिनिधि के साथ कथित तौर पर 10 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद गुवाहाटी, गाजियाबाद और इंफाल स्थित परिसरों की तलाशी में बेतहाशा संपत्ति से संबंधित दस्तावेज मिले। इन संपत्तियों में 20 अपार्टमेंट, कई आवासीय भूखंड, दिल्ली-एनसीआर में एक प्रीमियम कार्यालय और बेंगलुरु तथा गुवाहाटी में संपत्तियां शामिल हैं। सीबीआई ने उसके यहां से छह महंगी लग्जरी गाड़ियों, लग्जरी घड़ियों और एक चांदी की सिल्लियों से संबंधित दस्तावेज भी बरामद किये।

# कदम-कदम मिलाकर चलेंगे

## भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीलंका की पीएम से की चर्चा

**नई दिल्ली 17 अक्टूबर (वार्ता) श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या ने शुक्रवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. मोदी ने डॉ. अमरसूर्या का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी यात्रा ऐतिहासिक और बहुआयामी भारत-श्रीलंका संबंधों को नई गति प्रदान करेगी.**

प्रधानमंत्री ने इस दौरान इस वर्ष अप्रैल की अपनी श्रीलंका की राजकीय यात्रा का उल्लेख किया, उस समय उन्होंने राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायका के साथ सहयोग के सभी क्षेत्रों पर उपयोगी चर्चा की थी. दोनों नेताओं ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, नवाचार विकास सहयोग और मछुआरों के कल्याण सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की.

पीएम मोदी ने भारत और श्रीलंका के बीच विशेष संबंधों पर प्रकाश डालते हुए दोनों देशों की



साझा विकास यात्रा में साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की. उन्होंने राष्ट्रपति दिसानायका को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि वह उनके साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने के लिए उत्सुक हैं. बता दें कि श्रीलंका की प्रधानमंत्री इन दिनों भारत की यात्रा पर आई हुई हैं.

### मिस्र के विदेश मंत्री ने मोदी से मुलाकात की

मिस्र के विदेश मंत्री डॉ. बद्र अब्देलती ने शुक्रवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने गाजा शांति समझौते में मिस्र की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए राष्ट्रपति सिसी को हार्दिक बधाई दी.

### श्रीलंका की प्रधानमंत्री ने किया दिल्ली के सरकारी स्कूल का दौरा

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर (वार्ता) श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरीनी अमरसूर्या ने रोहिणी स्थित दिल्ली सरकार के सर्वोदय को-एड विद्यालय का दौरा किया. उन्होंने सरकार की शिक्षा नीति की सराहना करते हुए कहा कि यह मॉडल विकासशील देशों के लिए एक प्रेरणास्रोत बन सकता है। डॉ. अमरसूर्या ने दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद के साथ स्कूल की गतिविधियों, शिक्षा व्यवस्था, नयी शिक्षण प्रणाली के बारे में जानकारी ली। शिक्षा मंत्री ने डॉ. अमरसूर्या को स्कूलों में किए जा रहे संरचनात्मक बदलावों, अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट कक्षाओं, नई शिक्षण पद्धतियों तथा डिजिटल शिक्षा प्रणाली की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया।

# पंजाब डीआईजी के घर से मिले 7.5 करोड़

**2.5** किलोग्राम के सोने के आभूषण भी मिले | **26** लग्जरी घड़ियां और 50 से ज्यादा अचल संपत्तियों भी मिली | **04** चार बंदूकें 100 कारतूसों के साथ बरामद

**चंडीगढ़ 17 अक्टूबर. केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पंजाब पुलिस के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर मामले में बड़ी कार्रवाई की है. सीबीआई ने रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार भुल्लर के पंजाब और चंडीगढ़ में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की. इस दौरान उनके ठिकानों से बेतहाशा नकदी और आभूषण जब्त किए गए हैं.**

डीआईजी और उनके बिचौलिए कृष्णु को शुक्रवार को चंडीगढ़ की स्पेशल सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया. यहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया.

तलाशी के दौरान अधिकारी के छत्तीसगढ़ आवास से बड़ी संख्या में नकदी और आभूषण जब्त किए गए. तलाशी के दौरान 7.5 करोड़ रुपए की नकदी, लगभग 2.5 किलोग्राम के सोने के आभूषण, 26 लग्जरी घड़ियां जिनमें रॉलेक्स और राडो जैसी ब्रांडेड घड़ियां भी शामिल हैं. इसके साथ ही अधिकारी के परिवार के सदस्यों के नाम से 50 से ज्यादा अचल संपत्तियों और संदिग्ध बेनामी इकाइयों के दस्तावेज, लॉकर की चाबियां और कई बैंक अकाउंट्स की डिटेल मिली है. इसके साथ ही समराला में उनके फॉर्महाउस से 100 कारतूसों के साथ चार बंदूकें बरामद की गई. शराब की 108 बोतलें, 5.7 लाख रुपये नकद और 17 कारतूस जब्त किए गए. इसके साथ ही कथित बिचौलिए के आवास से 21 लाख रुपये नकद बरामद किया गया.



### रिश्वत लेते हुए पकड़े गए थे डीआईजी

बता दें कि डीआईजी भुल्लर और कृष्णु को सीबीआई ने गुरुवार को गिरफ्तार किया था. मंडी गोबिंदगढ़ के स्क्रैप कारोबारी आकाश बत्ता से 8 लाख रिश्वत लेते हुए पहले कृष्णु को सेक्टर-21 से पकड़ा. फिर डीआईजी ने कारोबारी और बिचौलिए को मोहाली ऑफिस बुलाया तो सीबीआई ने साथ जाकर डीआईजी को भी रिश्वत की रकम लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया. कारोबारी को उस पर 2023 में सरहिंद थाने में दर्ज फर्जी बिल-बिल्टी के सहारे दिल्ली से माल लाकर फर्नेश में बेचने के केस में चालान पेश करने की धमकी देकर रिश्वत मांगी गई थी, जिसकी शिकायत उसने सीबीआई को की थी.

# सोना 1.30 लाख के पार

**नई दिल्ली 17 अक्टूबर. सोने में लगातार तेजी देखने को मिल रही है. शुक्रवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 3 हजार 403 रुपए बढ़कर 1 लाख 30 हजार 874 के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया.**

वहीं चांदी की कीमत में लगातार गिरावट के बाद तेजी देखने को मिली है. चांदी 3 हजार192 रुपए बढ़कर 1 लाख 71 हजार 275 रुपए प्रति किलो पर आ गई है. इससे पहले 14 अक्टूबर को चांदी 1,78,100 रुपए के ऑल टाइम हाई पर चली गई थी. इस साल सोना और चांदी



रिकॉर्ड महंगा हुआ. इस साल सोने की कीमत 54,712 रुपए बढ़ी है. 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम सोना 76 हजार 162 रुपए का था, जो अब 1 लाख 30 हजार 800 रुपए हो गया है. चांदी का भाव 85 हजार 258 रुपए बढ़ा है. 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86 हजार 017 रुपए थी, जो अब 1 लाख 71 हजार 275 रुपए प्रति किलो है.

### बेंगलुरु के इंजीनियरिंग कॉलेज में सीनियर छात्रा से रेप

**बेंगलुरु 17 अक्टूबर.** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले जूनियर छात्र ने अपनी सीनियर छात्रा से कैंपस के अंदर रेप किया. आरोपी छात्र जीवन गौड़ा को हनुमंथनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. एफआईआर के मुताबिक पीड़िता बीटेक की सातवें सेमेस्टर की छात्रा है और आरोपी जीवन गौड़ा उसी कॉलेज में जूनियर छात्र है.

# 208 नक्सलियों ने किया आत्म समर्पण

- थामी हाथ में संविधान की कॉपी
- पुलिस महानिदेशक के समक्ष डाले हथियार

**जगदलपुर, 17 अक्टूबर (वार्ता) 208 नक्सलियों ने 153 हथियारों के साथ शुक्रवार को राज्य पुलिस के महानिदेशक अरुण देव गौतम के समक्ष आत्मसमर्पण किया और मुख्यधारा में शामिल होने के लिए अपने हथियार डाले.**

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को संविधान की प्रति भेंट कर सम्मानित किया गया. आत्मसमर्पण करने वालों में रणनीता राजू सलाम और रतन एल्म जैसे प्रमुख नक्सली शामिल हैं. कुल 208 नक्सलियों के आत्मसमर्पण से छत्तीसगढ़ में शांति और कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है. आत्म समर्पित नक्सलियों को समाज में स्वीकारने के लिए बस्तर पुलिस ने मांझी चालकी को आमंत्रित किया है. मांझी चालकी ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को लाल गुलाब देकर समाज की मुख्य धारा में आने पर स्वागत किया.



208 नक्सलियों में से 110 महिला और 98 पुरुष नक्सली शामिल हैं. हथियारों में 19 एके 47 राइफल, 17 एसएलआर रायफल, 23 इंसास रायफल, एक इंसास एलएमजी, 36 थ्री नॉट थ्री, चार कार्बाइन, 11 बीजीएल लॉन्चर, 41 बंदूक सिंगल शॉट, और 01 पिस्टल शामिल है.

# बिहार में इंडी गठबंधन की ईंट से ईंट बजा देंगे : डॉ. मोहन

- नेता प्रतिपक्ष के तौर पर लोकतंत्र को कलंकित कर रहे राहुल गांधी
- दिल्ली और पटना में एनडीए सरकार चाहिए

**पटना, 17 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को बिहार के गया टाउन में पार्टी प्रत्याशी डॉ. प्रेम कुमार के समर्थन में नामांकन दाखिल कराया एवं हिसुआ विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिस तरह से आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार चल रही है. बिहार के विकास के लिए जरूरी है कि वह भी कदम से कदम मिलाकर उसी लाइन पर चले. देश के दुश्मनों से निपटने के लिए,



बदलते दौर में भारत को दुनिया में आगे बढ़ाने के लिए दिल्ली और पटना दोनों जगह एनडीए की सरकार चाहिए. आप सभी मेरे साथ हाथ उठाकर संकल्प लें कि इस चुनाव में जब तक हर वोट भाजपा और एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में नहीं डल जाता, चैन से नहीं बैठेंगे. इस अवसर पर गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उपस्थित रहे. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे जवान अपनी जान को जोखिम में डालकर 24 घंटे देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं.

जरूरत होने पर आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारते हैं, लेकिन राहुल गांधी उनसे भी प्रमाण मांगते हैं. इंडिया गठबंधन के नेता बिहार का अपमान करते हैं. उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार को 'छोटा-मोटा राज्य' कहते हैं. गठबंधन में शामिल पंजाब के मुख्यमंत्री कहते हैं कि जहां भी गड़बड़ होती है, उसमें बिहार का हाथ होता है.

ममता बनर्जी कहती हैं कि जहां भी कोई घटना होती है, उसमें बिहारी शामिल होते हैं. वह बिहार को गाली देती हैं. हमें उनकी बातों को याद रखना है और चुनाव में पूरा हिसाब करना है. एनडीए के लोग इंडिया गठबंधन की ईंट से ईंट बजा देंगे.

### यह महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में हमारे सामने कांग्रेस के साथ पूरा इंडिया गठबंधन खड़ा है, लेकिन ये महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं है, जो रामराज्य की कामना करती थी. यह राहुल गांधी वाली कांग्रेस है जिन्हें न अपनी भाषा का ध्यान है, न व्यवहार का और न ही भाषण का. उन्होंने कहा कि हमारे नेता स्व. अटल जी ने नेता प्रतिपक्ष के पद को गौरान्वित किया था, लेकिन राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष के रूप में लोकतंत्र को कलंकित कर रहे हैं. लोकतंत्र में सबसे ज्यादा सम्मान न्यायपालिका का होता है, लेकिन इन्हें न्यायालय पर भी भरोसा नहीं है.

# स्वदेशी तेजस ने पहली बार भरी उड़ान





**नासिक 17 अक्टूबर. भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए ने शुक्रवार को अपनी पहली उड़ान भरी. हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड के नासिक स्थित एयरक्राफ्ट मैन्यूफैक्चरिंग डिविजन से तेजस ने ये उड़ान भरी.**

इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे और उन्होंने इस कदम को ऐतिहासिक बताया. दरअसल, तेजस की ये उड़ान भारत में ऐसे लड़ाकू विमानों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इस खास मौके पर राजनाथ सिंह ने एलसीए एमके1ए की तीसरी प्रोडक्शन लाइन का उद्घाटन किया. वहीं, इससे पहले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की तारीफ की. उन्होंने कहा कि एचएएल ने अपने नए मिनी स्मार्ट टाउनशिप प्रोजेक्ट के साथ सस्टेनेबल डेवलपमेंट में एक मिसाल कायम की है.

**राजनीति** | भारतीय क्रिकेटर की पत्नी रिवाबा जडेजा बनी राज्यमंत्री, हर्ष संघवी बने डिप्टी सीएम

# गुजरात की नई कैबिनेट में 26 मंत्रियों ने ली शपथ

**अहमदाबाद, 17 अक्टूबर. गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को 19 विधायकों को मंत्रियों के तौर पर शामिल कर मंत्रिपरिषद में फेरबदल किया और गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी को उपमुख्यमंत्री बनाया. इसी के साथ पटेल समेत मंत्रिपरिषद में शामिल कुल नेताओं की संख्या 26 हो गई है.**

राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने नए मंत्रियों के साथ-साथ उन नेताओं को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई, जिन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया



गया है और राज्य मंत्रियों से राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया है. इसके साथ ही कांग्रेस की गुजरात इकाई के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन मोढवाडिया ने राज्य कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली. मोढवाडिया अब भाजपा में शामिल हो गए हैं. राज्य मंत्री के रूप में भारतीय क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जडेजा को शामिल किया जाना आश्चर्यजनक कदम है. नए मंत्रिमंडल में भारतीय क्रिकेटर रविंद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जडेजा को भी शामिल किया गया है. मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के अलावा त्रिकम बिजल छंगा, स्वरूपजी सरदारजी ठाकोर, प्रवीण माली, ऋषिकेश पटेल, पीसी बरंडा, दर्शना वाघेला, कांतिलाल अमृतिया, कुंवरजीभाई बावलिया, अर्जुन मोढवाडिया, डॉ. प्रद्युम्न वाजा, कौशिक वेकारिया, परषोत्तम सोलंकी, जीतेंद्र वाघाणी, रमण सोलंकी, कमलेश पटेल, संजय सिंह महीडा, रमेश कटारा, प्रफुल पानसेरिया, हर्ष संघवी, मनीषा वकील और ईश्वर सिंह पटेल का नाम नए मंत्रियों की लिस्ट में शामिल है.

बीजेपी का यह कैबिनेट फेरबदल मिशन 2027 के लिहाज से अहम माना जा रहा है. पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों से पहले नए समीकरणों को परखने की भी कोशिश करेगी. यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि युवा नेता गोपाल इटालिया के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी, भाजपा के पाटीदार गढ़ में अपनी पैठ बढ़ा रही है.

# 18 साल बाद मुनाफे में बीएसएनएल : सिंधिया

**नई दिल्ली 17 अक्टूबर (वार्ता) केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) 18 वर्षों के बाद परिचालन स्तर पर लाभ में आ गया है और इसका वित्तीय पुनरुद्धार दूरसंचार विभाग की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है।**

सिंधिया ने शुक्रवार को संचार विभाग की पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बीएसएनएल ने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 262



करोड़ रुपये और चौथी तिमाही में 280 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया है। उन्होंने कहा, बीएसएनएल का परिचालन लाभ (इबिटडा) तीन गुना बढ़कर 5,395 करोड़ रुपये हो गया है और इसका घाटा 5,400 करोड़ से घटकर 2,400 करोड़ रुपये रह गया है।

## गुस्ताखी माफ

